# छापेमारी अभियान में यूनिलीवर के नकली उत्पाद बरामद

Publish Date:Tue, 21 May 2019 10:43 PM (IST)



मधुबनी। जयनगर अनुमंडल मुख्यालय में मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर चलाये गये छापेमारी अभियान में हिन्दुस्तान यूनी लीवर के नकली उत्पाद का बड़े पैमाने पर हो रहे कारोबार का पर्दाफाश किया गया है। अनुमंडल मुख्यालय के लगभग आधे दर्जन दुकानों में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में कंपनी के नकली उत्पाद जब्त किये गए हैं। हिन्दुस्तान यूनीलीवर के पदाधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर जयनगर के छह दुकानों से कंपनी के कई नकली श्रृंगार सामग्री बरामद किया है। छापेमारी दल में कंपनी के कार्रवाई प्रबंधक हरिमोहन गुप्ता, सहायक सुभाषचन्द्र शर्मा, जयनगर थाने के एसआइ शिवनाथ शर्मा सहित कई पुलिसबल शामिल थे। छापेमारी दल ने जयनगर के राजहाट चूड़ीबाजार स्थित अजय कुमार यादव की दूकान, दुल्हन श्रृंगार, फिरोज कॉस्मेटिक्स, नैंसी फैंसी स्टोर, न्यू ब्यूटी कलेक्शन और सगुन कलेक्शन नामक छह श्रृंगार सामग्री की दुकानों में छापेमारी की है। छापेमार के दौरान नकली लक्मे, फेयर एंड लवली, सनशिल्क सैंपू, फेस पावडर, क्रिम समेत हिन्दुस्तान यूनी लिवर के कई नकली उत्पाद जब्त किए गए हैं। जब्त नकली सामानों को जयनगर थाने में लाया गया है। हिन्दुस्तान यूनी लिवर के कार्रवाई प्रबंधक हरिमोहन शर्मा ने बताया जब्त उत्पादों की जॉच के बाद नकली उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध समुचित अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/bihar/madhubani-unilivers-fake-product-recovered-in-the-raid-campaign-19243871.html